हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

प्रथम सत्र

समाचार भाग-1

संख्याः2

बुधवार, 10 जनवरी, 2018/20 पौष, 1939(शक्)

सदन की कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख

समय : 11.00 बजे (पूर्वाह्न)

सदन की बैठक माननीय सामयिक अध्यक्ष, श्री रमेश चन्द ध्वाला की अध्यक्षता में 11.00 बजे पूर्वाह्न आरम्भ हुई।

1. **अध्यक्ष के चुनाव हेतु प्रस्तावः**

(1) श्री जय राम ठाकुर, माननीय मुख्य मन्त्री ने निम्न प्रस्ताव प्रस्तुत किया:-
"That Dr. Rajeev Bindal, a Member of this House be chosen as the Speaker of this House."
श्री सुरेश भारद्वाज, माननीय शिक्षा मन्त्री ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

(2) श्री मुकेश अग्निहोत्री, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस विधायक दल के नेता ने निम्न प्रस्ताव प्रस्तुत किया:-
"That Dr. Rajeev Bindal, a Member of this House be chosen as the Speaker of this House."
श्री वीरभद्र सिंह, माननीय सदस्य ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

(3) श्री महेन्द्र सिंह, माननीय सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री ने निम्न प्रस्ताव प्रस्तुत किया:-
"That Dr. Rajeev Bindal, a Member of this House be chosen as the Speaker of this House."
श्री किशन कपूर, माननीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मन्त्री ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

(4) श्री विपिन सिंह परमार, माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री ने निम्न प्रस्ताव प्रस्तुत कियाः-
"That Dr. Rajeev Bindal, a Member of this House be chosen as the Speaker of this House."
डॉ0 राजीव सैजल, माननीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री ने प्रस्ताव का समर्थन किया।
प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ कि "That Dr. Rajeev Bindal, a Member of this House be chosen as the Speaker of this House."

सर्व प्रथम श्री जय राम ठाकुर, माननीय मुख्य मन्त्री द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को मतदान हेतु रखा गया।

(प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकार हुआ)

क्योंकि अन्य तीन प्रस्ताव भी डॉ0 राजीव बिन्दल के अध्यक्ष पद हेतु चुने जाने से सम्बन्धित थे और उनके नाम का प्रथम प्रस्ताव पारित हो चुका था। नियमानुसार अन्य तीन प्रस्तावों को सभा में मतदान हेतु रखने की आवश्यकता नहीं समझी गई।

डॉ0 राजीव बिन्दल, सदस्य हिमाचल प्रदेश विधान सभा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद हेतु चुने जाने की घोषणा की गई।

(डॉ0 राजीव बिन्दल अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए)

माननीय अध्यक्ष डॉ0 राजीव बिन्दल को सदन के नेता माननीय मुख्य मंत्री श्री जय राम ठाकुर, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस विधायक दल के नेता श्री मुकेश अग्निहोत्री ने अध्यक्षीय कुर्सी तक पहुंचाकर पदासीन किया।

माननीय मुख्य मंत्री श्री जय राम ठाकुर तथा कांग्रेस दल के नेता श्री मुकेश अग्निहोत्री ने माननीय अध्यक्ष महोदय को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने प्रत्युत्तर में सदन के सभी सदस्यों को आभार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि वे सदन की कार्यवाही को चलाने के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी तथा बगैर किसी भेदभाव से कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी आशा व्यक्त की कि उन्हें माननीय सदस्यों का सभा की कार्यवाही के संचालन में पूर्ण सहयोग प्राप्त होता रहेगा।

तत्पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय ने सदन को सूचित किया कि संविधान के अनुच्छेद 176 के अन्तर्गत महामहिम राज्यपाल महोदय सभा को सम्बोधित करेंगे।

(सदन की बैठक पूर्वाह्न 11.40 बजे अपराह्न 12.15 बजे तक स्थगित हुई)

(राष्ट्रीय गान गाया गया)

राज्यपाल महोदय का अभिभाषणः

(राष्ट्रीय गान गाया गया)

(अपराह्न 12.35 बजे सदन की बैठक दिनांक 11 जनवरी, 2018 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक स्थगित हुई)